


एक नज़र में

## पेड़ों को बांधी राखी- पर्यावरण संरक्षण की अनोखी मिसाल बने शासकीय हाई स्कूल भारत की चौकी के छात्र-छात्राएं



**आलीराजपुर।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर शासकीय हाई स्कूल भारत की चौकी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक अनोखी पहल करते हुए पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल त्योहार की भावना को जीवित रखना था, बल्कि प्रकृति से भाईचारे का भाव जोड़ना भी था। छात्राओं ने पेड़ों को अपना %हरा भाई% मानते हुए उन्हें राखियाँ बाँधी और यह संकल्प लिया कि वे इन पेड़ों की रक्षा करेंगी, ठीक वैसे ही जैसे एक भाई अपनी बहन की रक्षा करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भाषण भी दिए और स्वच्छता एवं वृक्षारोपण की अपील की। विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य श्रीमती अंजू सिसोदिया ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि 卐बच्चों का यह प्रयास समाज को यह सीख देता है कि परंपराओं को निभाते हुए भी हम पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभा सकते हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास भी है। समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य श्रीमती अंजू सिसोदिया ने सभी छात्र-छात्राओं को धन्यवाद और शुभाशीष प्रदान किया।

## गायत्री परिवार टेमरिया में पंच कुंडी यज्ञ संपन्न



**पेटलावद।** तहसील पेटलावद जिला झाबुआ द्वारा पंचकुडी यज्ञ का आयोजन दीप, यज्ञ कलश, यात्रा एवं यज्ञ के साथ स्थानीय आंजना धर्मशाला* में संपन्न हुआ। रतलाम गायत्री परिवार के श्री नरेंद्र पाठक, सुरेंद्र जोशी, गोपाल चौहान, चित्रा जोशी, वीणा पाठक, थांदला के राजाराम पाटीदार करवड के मोतीलाल गामड़ व निलेश राठौड़ ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। यज्ञशाला को अच्छे से सजाया गया था। एक दिन पूर्व दीपयज्ञ का भी आयोजन हुआ व प्रात:काल कलश यात्रा के माध्यम से संदेश दिया गया। *जीवन जीने की कला का मर्म बताया। वृक्षारोपण,युवा जोड़ों, व्यसन मुक्ति, महिला व युवा मंडल गठन। ज्योति कलश यात्रा का पूजन एवं स्वागत करने आह्वान किया गया। उपस्थित परिजनों ने यज्ञ दीपयज्ञ व साधना के माध्यम से जागृति बढ़ाई जाने का संकल्प लिया*। उपस्थित परिजनों को *मंत्र लेखन का महत्व बताते हुए निशुल्क पुस्तिकाएं ललिता भट्ट, रवि बाला एवं इशिका भट्ट द्वारा वितरित की गई*। कार्यक्रम को श्री *राधेश्याम जी जवा( आंजना) दशरथ लाल अंजना वीरेंद्र आंजना नारायण अंजना योगेश्वर अंजना मोहनलाल अंजना हरि ओम अंजना गोपाल अंजना पुष्कर अंजना एवं महिला मंडल का भरपूर सहयोग रहा। करडावद के वीकेंद्रसिंह आंजना ने पंचकुंडीय यज्ञ कराने का संकल्प लिया पेटलावद के *श्री मोहन भाई गहलोत, राजेश पालीवाल, राजेंद्र मौर्या, भैरू भाई पाटीदार, रजनीकांत शुक्ला, गंगा राम, अशोक भट्ट ने यज्ञ लाभ लिया।श्री राधे श्याम आंजना द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया* ।संचालन जीवन भट्ट ने किया।

## झाबुआ से श्री रामदेवरा तीर्थ के लिए तीसरी भव्य यात्रा निकली



**झाबुआ।** आदिवासी धर्म रक्षा समिति ग्राम फुलधावड़ी द्वारा झाबुआ से श्री रामदेवरा तीर्थ के लिए तीसरी भव्य यात्रा का आयोजन 13 अगस्त से किया गया। यह यात्रा शहर के कॉलेज मार्ग स्थित श्री खोड़ियार माता मंदिर से दोपहर 1 बजे आरंभ हुई। यात्रा का नेतृत्व ग्राम फुलधावड़ी एवं ग्राम बामनसेमलिया के पूनाजी महाराज तथा धर्म रक्षा समिति से जुड़े वरिष्ठ भरत भाबोर उमरिया वजंत्री ने किया। शहर से सभी यात्री शोभायात्रा के रूप में रवाना हुए। बाद मेघनगर नाका से चार पहिया वाहनों से श्रीरामदेवरा तीर्थ के लिए प्रस्थान किया। आदिवासी धर्म रक्षा समिति अध्यक्ष बाबू भाबोर एवं सचिव मांगीलाल भूरिया ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक जिले के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में महिला-पुरूष, युवा एवं बच्चें कॉलेज मार्ग स्थित खोड़ियार माता मंदिर पर एकत्रित हुए। बाद दोपहर 1 बजे यहां से बैंडबाजों के साथ यात्रा आरंभ की गई। यात्रा में आगे धर्म रक्षा समिति का बेनर लेकर युवा चले। इसके पीछे संत चलने के साथ पीछे यात्रीगण शामिल हुए। यात्रा में ग्रामीणजन अपने हाथों में श्री रामदेव भगवान का ध्वज लेकर सम्मिलित हुए और सभी ने भगवान श्री रामदेवजी के जयघोष भी लगाए। यह यात्रा शहर के कॉलेज मार्ग से राजवाड़ा, श्री गौवर्धनाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, बाबेल चौराहा, थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड फव्वार चौक, जिला चिकित्सालय मार्ग, चेतन्य मार्ग होते हुए मेघनगर नाका पहुंची। इस बीच कॉलेज मार्ग पर खोड़ियार माता मंदिर, अंबे माता मंदिर, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहे पर विभिन्न समाज, संगठनों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करने के साथ संतों को पुष्पामाला पहनाकर सफल यात्रा हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। 8 दिवसीय यात्रा में जिले के ग्रामीण अंचलों से करीब 500 से अधिक ग्रामीणजन शामिल है।

## राजवाड़े पर पुलिस बैंड एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति

**झाबुआ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार, स्वतंत्रता का महत्व समझाना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम में 13 अगस्त को झाबुआ के राजवाड़ा चौक पर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस बैंड एवं देशभक्ति गीतों की भावनात्मक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित नागरिकों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया और अभियान की भावना को प्रभावी रूप से जनमानस तक पहुंचाया। कार्यक्रम में झाबुआ पुलिस बैंड की भूमिका सराहनीय रही, जिसने हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता अभियान के संदेश को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपालसिंह महोबिया, एसडीओपी रूपरेखा यादव, उप पुलिस अधीक्षक कमलेश शर्मा, गिरिश जेजुरकर, रक्षित निरीक्षक अखिलेश राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।---------------------------

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शहर शाखा ने किया कार्यक्रम आयोजित

**झाबुआ। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग के तहत 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रायकवार एवं बैंक प्रशासक मकवाना के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ की शहर शाखा में आयोजित किया गया। आयोजन में शाखा में पधारे परशुरामेश्वर रामायण मंडल मेघनगर नाका की महिलाओ व राष्ट्रीय मानव अधिकार सहयोग संघ की अध्यक्ष संगीता शर्मा, सविता दिनेश पालिवाल, दीपा पत, हेमा शर्मा ने सहभागिता की।**



शाखा प्रबंधक मनीष बैरागी व सहायक लेखापाल सुशीला डामोर द्वारा उपस्थित शाखा अतानतदारो से अपील करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी वेब पोर्टल पर जाकर अपना अपना रजिस्टेशन करे ताकि इस राष्टीय पर्व में अधिक से अधिक लोग प्रेरित होकर इस पर्व में शामिल हो सके। इस दौरान शाखा प्रबधंक बैरागी ने उपस्थित अमानतदारो एवं शाखा स्टाफको हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता से संबंधित शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम का समापान राष्टगान के साथ हुआ। शाखा प्रबंधक द्वारा पधारे अतिथियो को तिरंगाध्वजो का वितरण भी किया। आयोजन को सफल बनाने में शाखा प्रबंधक बैरागी, सहायक लेखापाल श्रीमती डामोर, भृत्य भेरूदास बैरागी, सुरक्षागार्ड अपसिंह अजनार, आउससोर्स सुरसिह मेडा, स्वाति परमार, श्वेता परमार, मीना सोनगरा, अरूना बैरागी, सामल, झमकु भाबर, रेखा कपिश, सोनाली पांचाल का सहारहनीय सहयोग रहा।

## हवेली में विविध आयोजनों के साथ मनाया जाएगा श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**झाबुआ। शहर के आजाद चौक के समीप श्री गौवर्धननाथ मंदिर (हवेली) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर 16 एवं 17 अगस्त को विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। सभी आयोजन श्री गौवर्धननाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए जाएंगे। जिसमें सहयोग यमुना महिला मंडल, सखी मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा प्रदान किया जाएगा।**

मंदिर से जुडे कान्हा अरोड़ा ने बताया कि 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिर में प्रात: 6.15 बजे शंखनाद कर ठाकुरजी को जगाया जाएगा। पश्चात् भगवान को मंगल भोग धराकर मंगला आरती की जाएगी। ठाकुरजी का पंचामृत से अभिषेक होगा। यह अभिषेक वेद मंत्रों के साथ ब्रम्हाण विद्वानजनों की उपस्थिति में सपंन्न होगा। ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार कर दोपहर 11.30 दर्शन के लिए पट खुलेंगे। जिसमें ठाकुरजी की तिलक आरती भी की जाएगी। दोपहर 12 बजे ग्वाल दर्शन एवं 1 बजे से राजभोग दर्शन कर आरती होगी। इसके पश्चात् शाम 5.30 बजे अलग-अलग उत्थापनों के दर्शन का क्रम शुरू होगा। शाम 6 बजे भोग दर्शन बाद 6.30 बजे संध्या आरती होगी। ठाकुर के प्राकटोत्सव के दर्शन रात ठीक 12 बजे होंगे। इस दौरान शालिग्राम का पंचामृत से अभिषेक करने के साथ श्री गौवर्धननाथ प्रभु की महाआरती की जाएगी और सभी भक्तों को प्रसादी वितरण होंगे। इन दिन मंदिर पर विविध प्रकार के फूलों से सजावट के साथ रात्रि में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी।



### नंद उत्सव मनाया जाएगा

17 अगस्त को सुबह 10.30 बजे मंदिर के सेवक, मुखिया, भीतरीया एवं अन्य सेवकजन नंद बाबा, यशोदा, गोपी, ग्वाले आदि की वेशभूषा धारण कर आएंगे और नंद उत्सव मनाया जाएगा, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इस दौरार ठाकुरजी के बाल लीलाओं की सुंदर झांकी भी सजेगी। श्री गौवर्धननाथ मंदिर ट्रस्ट ने सभी धार्मिक आयोजनों में वैष्णजनों एवं भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर लाभ लेने हेतु अपील की है।



## श्री राधा-कृष्ण बिहारी मंदिर में होंगे विभिन्न आयोजन

**झाबुआ।** शहर के छोटे तालाब स्थित श्री राधा-कृष्ण बिहारी मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में विभिन्न आयोजन होंगे। मंदिर के सेवक गोपालदास बैरागी ने बताया कि प्रात:काल श्री राधा-कृष्ण बिहारीजी का अभिषेक कर सुंदर श्रृंगार किया जाएगा। शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक महिला मंडल द्वारा भजन-किर्तन का आयोजन होगा। रात 8 से 10 बजे तक भक्तों को फरियाली खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। रात 12 बजे भगवान की जन्मोत्सव आरती होगी। बाद विशेष प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सुबह से लेकर रात तक मंदिर में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहेगी।



## विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की दी समझाइश

**झाबुआ।** दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में 13 अगस्त को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सामाजिक न्याय विभाग एवं एनजीओ के सहयोग से सामूहिक नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य प्रो पीके उछावर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर मालार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग पंकज साल्वे ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की समझाइश देते हुए उत्तम भविष्य हेतु मार्गदर्शित किया। ब्रह्मकुमारी से ज्योति दीदी ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार से मेडिटेशन के माध्यम से नशा मुक्त रह सकते है। प्राचार्य द्वारा युवाओं को नशे से मुक्त रहने की समझाइश देते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए एवं अपने आस पास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफने हस्ताक्षर कर नशा मुक्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ दिलीप कुमार परसेंडिया, एनएसएस अधिकारी डॉ भूरसिंह निगवाल, डॉ धूलसिंह खरत, प्रो मुकेश सूर्यवंशी, प्रो मुकेश बघेल, प्रो प्रगति मिमरोट, प्रो वंदना पारकर, प्रो शर्मा बघेल, प्रो भारती जमरा, प्रो. कीर्ति सिंगोरिया, सोनिया चौहान, प्रो योगेश जायसवाल, प्रो जितेंद्र कुमार नायक, प्रो. जितेंद्रसिंह कौरव, प्रो. अनिल कटारा, प्रो राजेश कुमार पाल, प्रो.रंगारी डोडवा, प्रो. अंतिमबाला डावर, जमरा एवं समस्त स्टाफउपस्थित था। संचालन प्रियंक ने किया। आभार डॉ.पूजा बघेल ने माना।

## 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा

**आलीराजपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर श्री अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला अलीराजपुर एवं तहसील जोबट के समस्त न्यायालयों मे 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल इंस्टूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउन्स प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा प्री लिटिगेशन के अंतर्गत बैंक व अन्य ऋण वसूली प्रकरण, विद्युत, नगरपालिका के वसूली प्रकरणों व निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्री लिटिगेशन प्रकरण आदि का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

## बिना रायल्टी रेत का हो रहा अवैध परिवहन, रोज लगती है मंडी



**पारा।** क्षेत्र से बालू रेत का बड़ी मात्रा में बिना रायल्टी के डंफर, ट्रक व टेक्टर के माध्यम से अवैध परिवहन प्रतिदिन हों रहा है जिससे शासन के राजस्व का नुकसान हों रहा है, किंतु खनिज विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीराजपुर जिले की नर्मदा नदी से प्रतिदिन उदयगढ, धोलियावाड़ होते हुए रेहंदा, लखपुरा के रास्ते व गुलाबपुरा, रंजला होते हुए पारा के रास्ते प्रति दिन 10 से ज्यादा डंफर व ट्रको के माध्यम से धार जिले के राजगढ़, बदनावर आदि जगह पर बालू रेत का अवैध परिवहन बिना रायल्टी के बेधडक किया हा रहा है। इन मार्गो पर दिन रात चल रहे वाहन रोजाना दो से अधिक बार रेत का परिवहन करते देखे जा सकते है, जिन पर खनिज विभाग का कोई ध्यान नहीं है या जान कर अंजान बना हुआ है ? वही इन्ही रास्तो से पारा क्षेत्र मे टेक्टरो के माध्यम से प्रतिदिन दो दर्जन के लगभग टेक्टर बिना रायल्टी के बालू रेत का परिवहन करते है जो कि सुबह 6-7 बजे से नगर के राजगढ़ रोड स्थिति बालक हायर सेकंडरी स्कूल के सामने मैदान पर आकर खडे रहते है व रेत के खरीददार का इंतज़ार करते है। कभी-कभी दोपहर और शाम तक भी रेत के नहीं बिकने तक खडे रहते है, जिससे ऐसा लगता कि यहां पर रेत की मंडी लगी हुई है।

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिले में निर्माणाधीन एवं पूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 17 कार्य अप्रारंभ होने की स्थिति में संबंधित सीईओ जनपद एवं सहायक यंत्री को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। साथ ही मॉनीटरिंग ना पाये जाने की दशा में कार्यपालन यंत्री आरईएस को भी नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने पूर्ण कार्यों की सीसी जारी कर जनजातीय विभाग को रिर्पोट प्रेषित करने के निर्देश दिये। अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना के तहत 2024-25 के 52 स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति स्पष्ट ना किये जाने पर कलेक्टर ने समस्त सीईओं जनपदों से जनपद स्तरीय निर्माण कार्यों की समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये एवं कहा कि निर्माण कार्यों में ढिलायी ना बरती जाए एवं अपने कार्यों की जानकारी सीईओं को होना आवश्यक है। कार्य करने में तत्परता दिखायी जाए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत स्वीकृत 39 कार्यों में प्रगतिरत 28 एवं अप्रारंभ 11 होने की स्थिति में अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू कराये जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

एक नजर | शाकीय आदर्श स्नातकोतर महाविद्यालय झाबुआ इकाई द्वारा

# विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**झाबुआ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ महाविद्यालय इकाई द्वारा कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन प्रेषित गया। ज्ञापन के दौरान अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं आदर्श महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय परमार विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष विद्यार्थियों को पुस्तके परीक्षा नजदीक आने के पश्चात् वितरित हुई थी, जिस कारण कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम भी असफल रहे, इस प्रकार की पुनरावृति ना हो तथा विद्यार्थियों को अध्ययन करने में कोई समस्या ना हो, इस हेतु प्रारंभ से ही बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए एवं समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों को अतिशीघ्र पुस्तके वितरित की जाए। महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए एवं समस्त कक्षाओं के सूचना ग्रुप बने हुए हैं, परंतु प्राध्यापकों द्वारा सूचना ग्रुपों में सूचनाएं नहीं भेजी जाती है, इस पर ध्यान दिया जाए और समय-समय पर ग्रुपों में सूचनाएं भेजी जाएं, ताकि महाविद्यालय से जुड़ी किसी भी जानकारी से विद्यार्थी वंचित ना रहे। महाविद्यालय में लगा वाटर कूलर हमेशा बंद रहता है, इसे सुधारा जाए तथा द्वितीय तल पर 1 और वाटर कूलर लगाया जाए ताकि विद्यार्थियों को पानी पीने में कोई समस्या न रहे। महाविद्यालय में वर्ष 2025-26 की नवीन अध्ययन समय सारणी को लगाया जाएं, ताकि विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम को समझने में किसी प्रकार की समस्या ना हो।



### सभी मांगों को अतिशीघ्र पूरा किया जाएं

परिषद के जिला संयोजक अजय भूरिया ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा का मंदिर है और महाविद्यालय की दीवारों पर कांग्रेस के राजनीतिक छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा स्वयं के राजनीतिक स्वार्थ के लिए संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए खुलेआम गुंडागर्दी कर दीवारों को खराब किया जा रहा है, इस पर अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए तथा महाविद्यालय के खेल मैदान का कार्य चलते-चलते रुक गया हैं, इसे तत्काल प्रारंभ किया जाए और जल्द खेल मैदान तैयार किया जाएं। इस प्रकार सभी मांगों को जल्द ही पूरा किया जाए, अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन के दौरान अजय भूरिया, संजय परमार, अमित चौहान, जितेंद्र निनामा, संदीप परमार, अनिल बारिया, कृष्णा नलवाया, बादल अमलियार, पर्व नीमा, राजेश निनामा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।